दिन–बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 20 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि टीआरई–फोर के लिए अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षक अभ्यर्थी भरोसा रखें, जल्द टीआरई–फोर परीक्षा का शेड्यूल उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया विधिसम्मत होगी। पटना में टीआरई–फोर अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि बाहरी तत्वों के उकसावे में आकर अभ्यर्थी अनावश्यक रूप से विरोध प्रदर्शन न करें। इससे पहले, शिक्षक अभ्यर्थियों ने आज पटना विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समीप प्रदर्शन किया। प्रदर्शन जुलूस निकालने के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी। जानकारी के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे मंत्रिमंडल सचिवालय में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जाने की संभावना है।

———————————————————

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उत्तम प्रशिक्षण के लिए देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों और अकादमियों में भेजा जाएगा। सुश्री सिंह ने पटना में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। खेल मंत्री ने कहा कि विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक सोमवार और बुधवार को बैठक होगी।

———————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा दो हजार छब्बीस की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ा दी है। उम्मीदवार अब तेईस मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

——————————————————————

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर आज बुलाई हड़ताल का असर प्रदेश में भी दिख रहा है। बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ ने हड़ताल का समर्थन दिया है। ई–फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ प्रदेश में भी अधिकांश स्थानों पर दवा दुकाने आज बंद रखी गयी हैं। हालांकि इस दौरान सभी प्रमुख फार्मेसी श्रृंखलाएं, अस्पताल आधारित मेडिकल स्टोर और जन औषधि केन्द्र खुले हुए हैं।

——————————————————————

केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से प्रदेश के जनजातीय बहुल गांवों में जनभागीदारी अभियान 'सबसे दूर सबसे पहले' का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की इस योजना के तहत इन गांवों में शिविर लगाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से आवेदन लिये जा रहे हैं और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिन्हित जनजातीय बहुल गांवों में आज भी शिविर के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। यह आयोजन पच्चीस मई तक चलेगा।

——————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। औरंगाबाद, भभुआ, बक्सर, भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में अधिकांश स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भभुआ, गोपालगंज और रोहतास जिले में लू चलने की आशंका को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर जिले का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इधर, विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर आज आंधी–पानी और वज्रपात की आशंका जताई है।

——————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में एसएसबी की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इसमें दो सौ सत्ताईस जवानों ने दीक्षांत प्राप्त किया। इस अवसर पर आईजी ट्रेनिंग अनुसूईया रणसिंह साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी स्थित भारत–नेपाल सीमा चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक यात्री बस से भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी अनुमंडल अंतर्गत मकराईन डालमिया नगर और अकोढ़ी गोला क्षेत्र से पुलिस ने अवैध बालू खनन से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीएम निलेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की कार्रवाई की गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।